# बिहार प्रशासनिक सेवा संघ

प्रशासनिक सेवा भवन, जवाहरलाल नेहरू मार्ग, पटना-1

( पंजीयन-633/2003 )

Truth will Triumph

अध्यक्ष
**वैद्यनाथ प्रसाद**
( बी. एन. प्रसाद )

महासचिव
**विपिन कुमार सिन्हा**
( बी. के. सिन्हा )

दूरभाष
अध्यक्ष : 2221706 (O) 2590816 (R)
महासचिव : 2286093 (R)
उपाध्यक्ष : ( श्री शर्मा ) 2353207 (R)
कोषाध्यक्ष : 2262597 (R)

उपाध्यक्ष
**कृष्ण मुरारी शर्मा**
**अर्जुन प्रसाद**
संयुक्त सचिव
**सहादत हसन मन्टू**
**रजनीश कुमार सिंह**
कोषाध्यक्ष
**महेश प्रसाद गुप्ता**


पत्र संख्या 66 दिनांक 4-11-03

दिनांक 04.11.2003 को सम्पन्न केन्द्रीय कार्यकारिणी समिति की बैठक की कार्यवाही :-

[1] उपस्थिति पंजी के अनुसार

[2] श्री बैद्यनाथ प्रसाद, निदेशक[प्रशासन]-सह-उप सचिव, मा.प्रा. एवं वयस्क शिक्षा विभाग द्वारा बैठक की अध्यक्षता की गयी।

[3] दिनांक 19.10.2003 को बिहार प्रशासनिक सेवा संघ[पंजीयन संख्या-633/ को पूर्व सूचना के उपरांत बिहार चैम्बर ऑफ कामर्स, पटना में विधिवत् आम सभा हुई। [illegible] माननीया मुख्य मंत्री के अस्वस्थता के कारण मुख्य के प्रतिनिधि के रूप में माननीय मंत्री, विधि एवं ऊर्जा श्री शकील अहमद खाँ द्वारा आम सभा का उद्घाटन किया गया। आम सभा में माननीया मुख्य का शुभ कामना संदेश माननीय मंत्री द्वारा पढ़कर सुनाया गया। आम सभा मुख्य सचिव एवं सचिव, कार्मिक एवं प्रशासनिक सुधार विभाग द्वारा संबोधित किया गया। संबोधन में संचित प्रोन्नति एवं अन्य मामलों का निष्पादन 31.12.2003 तक करने का मुख्य सचिव, बिहार सरकार द्वारा आश्वासन दिया गया।

[4] आम सभा द्वारा विधिवत् ढंग से संघ के अध्यक्ष एवं महासचिव का चुनाव किया गया। अध्यक्ष के रूप में श्री बैद्यनाथ प्रसाद, निदेशक[प्रशासन]-सह-उप सेकेण्ड्री, प्राथमिक एवं वयस्क शिक्षा विभाग, बिहार, पटना निर्वाचित हुये तथा महासचिव के रूप में श्री विपिन कुमार सिन्हा, अवर सचिव, विधि[न्याय] वि बिहार, पटना निर्वाचित हुये। संघ की आम सभा में लिये गये निर्णयानुसार

# बिहार प्रशासनिक सेवा संघ

Truth will Triumph

प्रशासनिक सेवा भवन, जवाहरलाल नेहरू मार्ग, पटना-1

( पंजीयन-633/2003 )

अध्यक्ष
**वैद्यनाथ प्रसाद**
( बी. एन. प्रसाद )
महासचिव
**विपिन कुमार सिन्हा**
( बी. के. सिन्हा )

दूरभाष
अध्यक्ष : 2221706 (O) 2590816 (R)
महासचिव : 2286093 (R)
उपाध्यक्ष : ( श्री शर्मा ) 2353207 (R)
कोषाध्यक्ष : 2262597 (R)

उपाध्यक्ष
**कृष्ण मुरारी शर्मा**
**अर्जुन प्रसाद**
संयुक्त सचिव
**सहादत हसन मन्टू**
**रजनीश कुमार सिंह**
कोषाध्यक्ष
**महेश प्रसाद गुप्ता**


पत्र संख्या

दिनांक



एवं संविधान के अनुरूप दिनांक 20.10.2003 को नव निर्वाचित अध्यक्ष एवं महासचिव की बैठक हुई, जिसमें कार्यकारिणी का गठन किया गया । नव गठित कार्यकारिणी समिति की बैठक पूर्व सूचना के आधार पर दिनांक 04.11.2003 को सम्पन्न हुआ ।

[5] सर्वप्रथम दिनांक 01.11.2003 के प्रातः 6.00 बजे स्व. रंजन कुमार सिन्हा, बिहार प्रशासनिक सेवा, अवर सचिव, परिवहन विभाग के हृदय घात के कारण हुये असामयिक निधन पर गहरा शोक प्रकट किया गया एवं सदस्यों द्वारा दो मिनट का मौन धारण कर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की गयी ।

यहाँ यह भी निर्णय लिया गया कि श्री मोहन कुमार सरकार, उप सचिव, कार्मिक एवं प्रशासनिक सुधार विभाग एवं श्री अजय कुमार सिंह, अवर सचिव, कार्मिक एवं प्रशासनिक सुधार विभाग को स्व. सिन्हा की पत्नी से मिलकर, ग्रुप बीमा की राशि, पारिवारिक पेंशन एवं उपादान की राशि की निकासी एवं अनुकम्पा के आधार पर नियुक्ति के बिन्दु पर त्वरित कार्रवाई करने का दायित्व सौंपा गया ।

स्व. सिन्हा के दाह-संस्कार में व्यय किये गये कुल 3050/-रुपये की स्वीकृति प्रदान की गयी । साथ ही साथ यह भी निर्णय हुआ कि उनके परिवार को अगर आवश्यक होगा तो सदस्यों से राशि इकट्ठा कर दिया जाय ।

श्री सुरेश्वर प्रसाद, झारखंड प्रशासनिक सेवा जो एक दुर्घटना में घायल हो गये हैं और तारा नर्सिंग होम में गंभीर अवस्था में चिकित्सा हेतु भर्ती हैं, के स्वास्थ्य लाभ की कामना की गयी ।

[6] कार्यकारिणी समिति की बैठक में उपस्थित श्री प्रद्युम्न कामती, प्रखंड विकास पदाधिकारी, बैकुंठपुर [गोपालगंज] द्वारा प्रखंड प्रमुख एवं अन्य पंचायत समिति के सदस्यों द्वारा आन्दोल

Truth will Triumph

# बिहार प्रशासनिक सेवा संघ

प्रशासनिक सेवा भवन, जवाहरलाल नेहरू मार्ग, पटना-1

( पंजीयन-633/2003 )

अध्यक्ष
वैद्यनाथ प्रसाद
( बी. एन. प्रसाद )
महासचिव
विपिन कुमार सिन्हा
( बी. के. सिन्हा )

दूरभाष
अध्यक्ष : 2221706 (O) 2590816 (R)
महासचिव : 2286093 (R)
उपाध्यक्ष : ( श्री शर्मा ) 2353207 (R)
कोषाध्यक्ष : 2262597 (R)

उपाध्यक्ष
कृष्ण मुरारी शर्मा
अर्जुन प्रसाद
संयुक्त सचिव
सहादत हसन मन्टू
रजनीश कुमार सिंह
कोषाध्यक्ष
महेश प्रसाद गुप्ता

पत्र संख्या　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　दिनांक



हमला करने के बिन्दु पर विस्तृत जानकारी दी गयी । तदुपरान्त यह निर्णय लिया गया कि श्री कामती पर प्रहार करनेवाले अपराधियों की गिरफ्तारी एवं उनकी सुरक्षा हेतु एक शिष्टमंडल अध्यक्ष, बिहार प्रशासनिक सेवा संघ की अध्यक्षता में सचिव, गृह विभाग/आरक्षी महानिदेशक, बिहार से मिलकर अनुरोध करेगा ।

[7] प्रशासनिक सेवा भवन की जर्जर स्थिति के सुधार एवं नये भवन के अवरुद्ध कार्य को पुनः प्रारंभ कराने हेतु एक उप समिति श्री कृष्ण मुरारी शर्मा, बिहार प्रशासनिक सेवा की अध्यक्षता में गठित की गयी है । समिति के अन्य सदस्य निम्नवत् होंगे :-

| | |
|---|---|
| [1] श्री महेश गुप्ता | कोषाध्यक्ष |
| [2] श्री धीरेन्द्र कुमार सिन्हा | सदस्य |
| [3] श्री अरुण कुमार | सदस्य |
| [4] श्री रजनीश कुमार सिंह | संयुक्त सचिव । |

पुराने भवन की रंगाई-पोताई के लिए 10,000/-[दस हजार रुपये] की राशि की स्वीकृति दी गयी तथा यह निर्णय लिया गया कि समिति समय-समय पर स्थिति की जानकारी अध्यक्ष/महासचिव को देगी, जिससे कि मरम्मति, रंगाई-पोताई साज सज्जा एवं नये भवन के निर्माण कार्य में त्वरित प्रगति लायी जा सके ।

[8] बैठक में विचारोपरान्त यह पाया गया कि सामान्यतः सभी जिलों में प्रशासनिक सेवा की जिलाइकाई कार्यरत नहीं है । केन्द्रीय कार्यकारिणी समिति का यह निर्णय हुआ कि 15 दिसम्बर, 2003 तक सभी जिलों में जिला इकाई के गठन करने हेतु सभी जिलों को निदेश दिया जाय । साथ ही साथ सभी इकाई से मासिक शुल्क की राशि की भेजने हेतु अनुरोध पत्र भेजने का निर्णय लिया गया ।

चूंकि बार-बार सचिवालय भवन में एक इकाई प्रभावकारी

[illegible]

# बिहार प्रशासनिक सेवा संघ

प्रशासनिक सेवा भवन, जवाहरलाल नेहरू मार्ग, पटना-1

( पंजीयन-633/2003 )

Truth will Triumph

अध्यक्ष
वैद्यनाथ प्रसाद
( बी. एन. प्रसाद )

महासचिव
विपिन कुमार सिन्हा
( बी. के. सिन्हा )

दूरभाष
अध्यक्ष : 2221706 (O) 2590816 (R)
महासचिव : 2286093 (R)
उपाध्यक्ष : ( श्री शर्मा ) 2353207 (R)
कोषाध्यक्ष : 2262597 (R)

उपाध्यक्ष
कृष्ण मुरारी शर्मा
अर्जुन प्रसाद

संयुक्त सचिव
सहादत हसन मन्टू
रजनीश कुमार सिंह

कोषाध्यक्ष
महेश प्रसाद गुप्ता


दिनांक

पत्र संख्या



ढंग से कार्य नहीं कर पा रहा है । अतः सचिवालय एवं संलग्न कार्यालयों को दो भाग में विभक्त करने हेतु निर्णय लिया गया :-

[क] पुराना सचिवालय और सिंचाई भवन के लिए मुख्य सचिवालय यूनिट

[ख] निर्माण भवन, विकास भवन एवं संलग्न कार्यालयों के लिए विकास भवन यूनिट

[9] बैठक में एक संवादक व्यवस्था के अन्तर्गत 1999 के स्थान पर "प्रशासन" पत्रिका निकालने हेतु निर्णय लिया गया । यह प्रशासनिक मैगजीन इनफॉरमेटिव होगा एवं प्रशासनिक सेवा से संबंधित परिपत्र और जानकारियों के अनुरूप होगा, जिसके संपादक अध्यक्ष स्वयं होंगे ।

[10] बिहार प्रशासनिक सेवा के पदाधिकारियों की प्रोन्नति में हो रहे विलंब पर गहन रूप से विचार-विमर्श किया गया । विचारोपरान्त सरकार से यह मांग की गयी है कि निदेशक के तीन पद, संयुक्त सचिव के 44 पद, अपर जिला दंडाधिकारी/उप सचिव के 138 पद एवं अनुमंडल पदाधिकारी/अवर सचिव के 179 पद को प्रोन्नति से शीघ्र भरे जायें ।

अन्त में अध्यक्ष/महासचिव द्वारा समीक्षा एवं धन्यवाद ज्ञापन के साथ केन्द्रीय कार्यकारिणी समिति की बैठक की कार्यवाही समाप्त की गयी ।

ह./-
(वैद्यनाथ प्रसाद)
अध्यक्ष ।

प्रतिलिपि:-मुख्य सचिव, बिहार सरकार/सचिव, कार्मिक एवं प्रशासनिक सुधार विभाग, बिहार, पटना/सचिव, गृह विभाग को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाई हेतु प्रेषित ।

(विपिन कुमार सिन्हा)
महासचिव ।

# बिहार प्रशासनिक सेवा संघ

प्रशासनिक सेवा भवन, जवाहरलाल नेहरू मार्ग, पटना-1

( पंजीयन-633/2003 )

Truth will Triumph

अध्यक्ष
**वैद्यनाथ प्रसाद**
( बी. एन. प्रसाद )

महासचिव
**विपिन कुमार सिन्हा**
( बी. के. सिन्हा )

दूरभाष
अध्यक्ष : 2221706 (O) 2590816 (R)
महासचिव : 2286093 (R)
उपाध्यक्ष : ( श्री शर्मा ) 2353207 (R)
कोषाध्यक्ष : 2262597 (R)

उपाध्यक्ष
**कृष्ण मुरारी शर्मा**
**अर्जुन प्रसाद**

संयुक्त सचिव
**सहादत हसन मन्टू**
**रजनीश कुमार सिंह**

कोषाध्यक्ष
**महेश प्रसाद गुप्ता**


पत्र संख्या                                                                 दिनांक



प्रतिलिपि:- सभी उपाध्यक्ष/संयुक्त सचिव/कार्यकारिणी समिति के सभी सदस्यों/सभी जिला इकाई/अनुमंडल इकाई के अध्यक्ष एवं सचिव को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित ।

4/11/03

[विपिन कुमार सिन्हा].
महासचिव

प्रतिलिपि:- मुख्य मंत्री के प्रधान सचिव को सूचनार्थ प्रेषित ।

4/11/03

[विपिन कुमार सिन्हा].
महासचिव ।